न्यायालय उपखण्ड अधिकारी केकड़ी जिला –अजमेर(राजस्थान)

राजस्व प्रार्थना पत्र 73 / 2020(2020 / 00402)

उदाराम पुत्र गंगाराम जाति गूर्जर निवासी पीपलाज तहसील सावर जिला अजमेर राजस्थान

––––––प्रार्थी

बनाम

राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार केकड़ी जिला अजमेर (राज) ––अप्रार्थी

अंतर्गत धारा 136 भू राजस्व अधिनियम

1. उपस्थितः– उदाराम– प्रार्थी
2. तहसीलदार सावर– अप्रार्थी

आदेश

दिनांक 16.11.2021

प्रार्थी उदाराम के द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र की जॉच तहसीलदार सावर से करवायी गयी। तहसीलदार सावर द्वारा प्रस्तुत जॉच रिपोर्ट उनके पत्र कमांक / रीडर / 2020 / 1338 दिनांक 11.09.2020 से इस न्यायालय मे प्रस्तुत हुई है। जॉच रिपोर्ट के साथ पटवारी पटवार मण्डल पीपलाज के द्वारा जॉच रिपोर्ट की गई जो संलग्न की है। जिसके मुताबिक ग्राम पीपलाज की जमाबंदी संवत् 2073–76 वर्तमान जमाबंदी के खाता संख्या 127 मे किता 06 रकबा 1.43 गंगाराम,चन्द्रा, जगदीश ,मगना,सुगना,हीरा पिता उरजा जाति गुर्जर सा0 देह खातेदार के नाम दर्ज रेकार्ड हैं। जमाबंदी संवत् 2022–25 के खाता संख्या 218 मे उगमा व देवी पिता उरजा जाति गूर्जर शामलात खाते मे दर्ज रेकार्ड है। इसी प्रकार संवत् 2022–2025 के खाता संख्या 198 मे देवी वल्द उरजा,गंगाराम पि.सुगना,चंदा जगदीश हीरा माग्या पिता उगमा जाति गूर्जर शामलात खाते मे दर्ज रेकार्ड है जो कि संवत् 2041 मे गंगाराम,चंदा सुगना जगदीश हीरा माग्या पिता उरजा जाति गूर्जर दर्ज हो गया जो वर्तमान मे जमाबंदी संवत् 2073–76 तक चला आ रहा है। प्रार्थीगण के पहचान दस्तावेज मे पिता का नाम उगमा दर्ज है। प्रार्थीगण ने पहचान दस्तावेज व जमाबंदी संवत् 2002–2025 के अनुसार वर्तमान जमाबंदी संवत् 2075–76 के खाता संख्या 127 मे खसरा नंबर 134,135,341,342,347,350 किता 06 रकबा 1.43 है0 मे प्रार्थीगण के पिता का नाम उरजा के स्थान पर उगमा किया जाना उचित है।

तहसीलदार सावर द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट का अवलोकन किया गया। प्रार्थी उदाको सुना गया। पैरोकार सरकार को प्रश्नगत प्रकरण पर सुना गया। प्रार्थीगण व पहचान दस्तावेज तथा जमाबंदी संवत् 2022–25 के अनुसार वर्तमान जमाबंदी संवत् 2075–76 के खाता संख्या 127 मे खसरा नंबर 134 ,135,341,342,347,350 किता 06 रकबा 1.43 है0 मे प्रार्थीगण के पिता का नाम उरजा के स्थान पर उगमा किये जाने के आदेश दिए जाते है। बाकी इन्द्राज यथावत रहेगे। खर्चा फरिकेन अपना अपना वहन करे।

आदेश प्रशासन गांवो के संग अभियान 2021 शिविर पीपलाज के मजमे आम मे सुनाया गया।

Signature Not Verified

Digitally signed by Vikas Pancholi
Date: 2022.01.14 11:27:39 IST
Reason: SelfAttested

(विकास पंचोली)
उपखण्ड अधिकारी
केकड़ी

Scanned with CamScanner